हरिभूमि

# धमतरी भूमि

रायपुर, मंगलवार 19 दिसंबर 2023

[ कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड ]


तापमान

अधिकतम 24 डिग्री

न्यूनतम 11 डिग्री


11 दो गांव के ग्रामीणों ने लिया भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प



12 मुख्य सड़क मार्ग से लगे बाजार स्थल पर अतिक्रमण ...




## खबर संक्षेप

### विकसित भारत संकल्प यात्रा आज से 8 ग्रामों में

**धमतरी।** कलेक्टर ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश पर 19 दिसम्बर को जिले के चारों विकासखण्डों के आठ ग्रामों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जायेगा। इनमें धमतरी विकासखण्ड के भोयना, अछोटा, कुरूद विकासखण्ड के गाड़ाडीह (आर.), रामपुर, सुपेला, मगरलोड के ग्राम परसवानी, सांकरा तथा नगरी विकासखण्ड के पांवद्वार और घठुला शामिल हैं। कलेक्टर श्री रघुवंशी ने संकल्प शिविरों में अधिक से अधिक हितग्राहियों को लाभान्वित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये हैं।

### सेलून एसोसिएशन की बैठक आज

**धमतरी।** सेलून एसोसिएशन की बैठक 19 दिसम्बर को सुबह 9 से 12 बजे तक चंदापारी सेन भवन आमातालाब रोड रामनगर में रखी गई है जिसमें नववर्ष 2024 का स्वागत करने सहित नई रेट लिस्ट बनाने एवं लंबित कार्यों को पूरा करने सम्बधी चर्चा की जायेगी। यह जानकारी एसोसिएशन के शहर अध्यक्ष आनन्द शांडिल्य ने दी है।

### कोटरवाही मड़ई 24 को

**धमतरी।** कोटरवाही नरहरा धाम में 24 दिसंबर रविवार को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में महके मोंगरा खोरदो खुंदनी का छत्तीसगढ़ी नाचा का कार्यक्रम होगा। यह जानकारी डा. केशव साहू, राजकुमार मरकाम ने दी है।

### मुड़पार में ठेठवार मातर महोत्सव 26 को

**धमतरी।** ग्राम मुड़पार (रूद्री) में 26 दिसम्बर मंगलवार को ठेठवार मातर महोत्सव आयोजित किया गया है। रात्रि में प्रेम सरोवर सुरही (बादल) का सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा।

### मंदरौद में दिव्य श्रीराम कथा का आयोजन

**कुरुद।** श्री मुक्तिबोध मानस परिवार एवं परमार्थ (स्वर्गधाम) सेवा समिति के तत्वावधान में ग्राम मंदरौद में दिव्य श्रीराम कथा के सफल



आयोजन हेतु आयोजक परिवार की टोली ग्राम मंदरौद के प्रत्येक घर-घर पहुंचकर सनातन परंपरा को बरकरार रखते हुए पीला चावल, सुपारी के साथ लगभग 750 नग पीली साड़ी भेंटकर रामकथा का आमंत्रण दिया जा रहा है। कार्यक्रम की तैयारी में आयोजक परिवार के सदस्य प्रेमचंद साहू, टीकाराम निषाद, प्रदीप सोनबेर, ईश्वरराम साहू, खूबलाल दीवान, महिमा शुक्ला, अंगदसिंह ठाकुर, नोहर पटेल, भारत सोनकर, राजू नागे, हिरामन साहू, रामचन्द्र साहू, रामनारायण निषाद, नारदराम साहू, गोविंद चक्रधारी, गोविंद निषाद, लीलम्बर साहू, हर्ष ठाकुर, पोखनसिंह ठाकुर, पवन निषाद जुटे हुए हैं।

### प्लाई दुकान में मजदूर ने लगाई फांसी

**धमतरी।** अज्ञात कारणों से एक मजदूर युवक ने प्लाई दुकान में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस व परिजनों के अनुसार स्थानीय साल्हेवारपारा निवासी चंद्रशेखर बघेल पिता कार्तिकराम 40 वर्ष बीते 15 वर्ष से सिहावा रोड स्थित बालाजी प्लाई दुकान में काम कर रहा था। रोजाना की तरह युवक रविवार को भी काम करने दुकान आया था। शाम को युवक ने प्लास्टिक रस्सी का फंदा बना फांसी लगा आत्महत्या कर ली। सूचना पर कोतवाली पुलिस घटनास्थल पहुंची। पंचनामा की कार्रवाई पश्चात शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सोमवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। युवक की मौत को परिजनों ने संदिग्ध बताया है। वहीं पुलिस घटना को प्रथम दृष्टया आत्महत्या मानकर चल रही है।

---

### आठ माह में चिरायु टीम ने 732 स्कूलों की विजिट की

# जिले के स्कूलों में लगाए स्वास्थ्य शिविर में 751 बच्चे सिकलिन पीड़ित मिले

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

राष्ट्रीय बाल सुरक्षा कार्यक्रम अंतर्गत चिरायु योजना के तहत बीते आठ माह में चिरायु टीम ने जिले के 732 स्कूल में हेल्थ कैंप लगाया। जिसमें 732 बच्चों के सिकलसेल से पीड़ित होने की पुष्टि हुई है।

शासकीय स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के स्वास्थ्य की देखभाल के लिए चिरायु टीम सालभर में स्कूलों में स्वास्थ्य शिविर लगाकर बच्चों का हेल्थ चेकअप करती है। प्रारंभिक जांच के बाद गंभीर केस पाए जाने पर उपचार के लिए जिला अस्पताल भेज दिया जाता है। स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार अप्रैल 2023 से लेकर नंवबर के शुरुआती सप्ताह की स्थिति में चिरायु टीम को जिले के 1504 स्कूलों में हेल्थ कैंप का लक्ष्य मिला



था। जिसमें से 732 से अधिक स्कूलों की विजिट की जा चुकी है। इस दौरान 26 हजार 443 स्कूली छात्र और 29 हजार 662 छात्राओं की सेहत जांची गई। इसमें से 4899 बालक और 5214 बालिकाएं किसी न किसी रोग से पीड़ित पाए गए। क्रिटिकल केस वाले बच्चों का जिला अस्पताल में ट्रीटमेंट किया गया। इस तरह कुल 9 हजार 374 बच्चे योजना से लाभान्वित हुए हैं। वहीं गंभीर केस वाले 734 बच्चों को इलाज के लिए हायर सेंटर रिफर भी किया गया है। वर्ष 2023-24 में स्कूलों में लगाए गए स्वास्थ्य शिविरों में जन्मजात बधिता 1, पैर की विकृति 2, स्किन संबंधी रोग के 160, दंतरोग के 40 और कान संक्रमण के 44 बच्चे पीड़ित पाए गए। इनमे से अधिकतर बच्चों का उपचार किया जा चुका है। शेष बच्चों का ट्रीटमेंट जारी है। इस वर्ष जिले के स्कूलों में लगाए गए शिविर में 34 बच्चे जन्मजात हृदय रोग के व सर्वाधिक 757 बच्चे सिकलसेल से पीड़ित पाए गए हैं। चिरायु टीम की स्कूलों में लगातार विजिट जारी है।

#### अनुवांशिक बीमारी है सिकलसेल

मेडिकल स्पेशलिस्ट डा. संजय वानखेड़े ने मीडिया को बताया कि सिकलसेल एक अनुवांशिक बीमारी है। यदि परिवार में किसी भी सदस्य को सिकलसेल की बीमारी होती है तो परिवार के दूसरे सदस्यों में भी सिकलसेल होने का चांस बढ़ जाता है। अनुवांशिक बीमारी होने के कारण जिले में मरीजों की संख्या अधिक है।

---

# स्वास्थ्य कर्मचारी संघ की बैठक में विभिन्न मांगों पर हुई चर्चा



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के कार्यालय में आयोजित बैठक में अधिकारी-कर्मचारियों की विभिन्न मांगों पर चर्चा कर समीक्षा की गई। छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ जिला शाखा की रविवार को समीक्षा बैठक रखी गई थी जिसमें प्रमुख रूप से जिले में किए जा रहे व किए गए संलग्नीकरण अधिकारी-कर्मचारियों को अपनी मूल पद स्थापना के लिए कार्यमुक्त किए जाने तथा 10 साल व 20 साल में दिए जाने वाले समयमान को समयावधि में दिए जाने पर चर्चा हुई। इसी तरह जिले के कार्यालय में कार्यरत लिपिकीय कर्मचारियों का कार्य विभाजन उनकी वरिष्ठता एवं पद अनुरूप किया जाना चाहिए। जिले के अधीनस्थ सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में लैब टेक्निशियन एवं सफाई कर्मचारी न होने के कारण रिक्त पदों पर जीवन दीप समिति अथवा संविदा के माध्यम से नियुक्ति कर कार्य संपादित किया जाए। बैठक में जिले में संचालित सभी हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर में रिर्पोटिंग कार्य के लिए पृथक से लैपटाप या टेबलेट नेट कनेक्टिविटी के साथ प्रदान किए जाने सहित अन्य मांगों पर चर्चा की गई।

इस दौरान जिलाध्यक्ष संजय नारंग, पूर्व जिलाध्यक्ष डीपी सिन्हा, मनोज वाधवानी, कृष्णा यादव, सुशील जैन, ईश्वर साहू, क्षितिज साहू, लोमेश कुर्रे, वेदव्यास साहू, केदारनाथ साहू, पीएन साहू, मनोहरलाल मंडावी, संजय सोनी, धमेन्द्र सिन्हा सहित सभी ब्लाक के अध्यक्ष, पदाधिकारी सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

---

# पंथी नृत्य से दिया गुरु घासीदास बाबा का संदेश, नगर में धूमधाम से मनाई गई जयंती

- जोधापुर, हटकेशर, शीतलापारा, अधारी नवागांव सहित अनेक वार्ड में हुए विविध कार्यक्रम
- गुरू गद्दी की स्थापना, जैतखाम में झण्डा रोहण, पूजा-पाठ दिनभर चलता रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी





सोमवार को गुरु घासीदास बाबा की जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई। गांव सहित शहर के अनेक वार्डों में गुरु गद्दी की स्थापना, चौका आरती हुई। गुरु गद्दी, जैतखाम की पूजा -अर्चना के लिए सतनाम समाज के लोग उमड़ पड़े। शोभायात्रा, पंथी नृत्य का आयोजन किया गया।

मनखे मनखे एक समान का संदेश देने वाले सतनाम समाज के गुरु घासीदास बाबा की जयंती धूमधाम से मनाई गई। समनामी समाज कल्याण समिति जोधापुर के रमेश लहरे, गिरधर टंडन, अंजु मनीष कोसरे, मनोज खरे ने बताया कि डाकबंगला वार्ड जोधापुर स्थित गुरुद्वारा प्रांगण को सफेद पंडाल और झंडे से सजाया गया। दोपहर 12 बजे गुरु गद्दी की स्थापना और चौका आरती प्रारंभ हुई। सतनाम समाज के लोग नए परिधान में गुरु गद्दी और जैतखाम की पूजा- अर्चना के लिए पहुंचने लगे। शाम 6 बजे तक पूजा पाठ का दौर चलने के बाद वार्ड में शोभायात्रा निकाली गई। 8 से 9 बजे तक गुरूप्रसादी भंडारे का आयोजन किया गया। 9 से 11 बजे तक पंथी नृत्य का कार्यक्रम हुआ। उन्होंने बताया कि जयंती अवसर पर 3 दिवसीय पंथी नृत्य प्रतियोगिता रखी गई है।

शहर के अधारी नवागांव, हटकेशर, शीतलापारा, लालबगीचा, आमापारा, मकेश्वर वार्ड, दानीटोला, साल्हेवारपारा सहित अनेक गांवों में गुरु घासीदास बाबा की जयंती मनाई गई। शीतलापारा वार्ड पार्षद सूरज गहरवाल ने बताया कि बाबा घासीदास जयंती के एक दिन पूर्व वार्ड सफेद झंडों से सज गया था। गुरु गद्दी की स्थापना, जैतखाम में नया वस्त्र चढ़ाया गया। देर शाम तक पूजा पाठ चलता रहा। प्रसादी वितरण के पश्चात पंथी नृत्य के माध्यम से गुरु घासीदास बाबा का संदेश को जन-जन तक पहुंचाया गया।

हटकेशर स्थित इंदिरा नगर के गुरुद्वारे में बाबा की जयंती विधि-विधान पूर्वक मनी। सतनाम समाज के मनोजकुमार, कृष्णा बंजारे, थानूराम ने बताया कि इस वर्ष भी समाज प्रमुखों ने गुरू गद्दी तथा जैतखाम में नया वस्त्र चढ़ाया, पूजा-पाठ के लिए घर-घर में विशेष पकवान बनाए गए। शाम को वार्ड में बाबाजी की रैली यात्रा निकाली गई जिसमें समाजजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

#### जिला जेल में पंथी नृत्य की रही धूम



**धमतरी।** जिला जेल में बाबा गुरू घासीदास की जयंती धूमधाम से मनाई गई। बंदियों और जेलकर्मियों ने जैतखाम में सफेद ध्वजा चढ़ाकर बाबा की पूजा की। इस दौरान बंदियों ने पंथी नृत्य का आकर्षक प्रदर्शन भी किया।

---

# शालेय फुटबॉल मैच में सेंट जेवियर्स ने मारी बाजी





- गर्ल्स अंडर-19 में विद्याकुंज स्कूल बना विजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

पीजी कॉलेज मैदान में धमतरी फुटबॉल क्लब द्वारा आयोजित अंडर-19 ब्वायज एवं गर्ल्स का फाइनल मैच सोमवार को हुआ जिसमें ब्वायज फुटबॉल में सेंट जेवियर्स स्कूल तथा गर्ल्स में विद्याकुंज स्कूल विजेता बना।

आयोजन समिति डीएफसी के राजेश नायर ने बताया कि अंडर-19 शालेय फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया था, जिसमें ब्वायज वर्ग में सेंट मेरी, सेंट जेवियर्स, मेनोनाइट, सर्वोदय, म्युनिस्पिंल स्कूल तथा विद्याकुंज स्कूल की दो टीम ने भाग लिया था। रविवार को विद्याकुंज तथा म्युनिस्पिल स्कूल तथा सेंट जेवियर्स और मेनोनाइट स्कूल के बीच सेमी फाइनल मैच हुआ। सेंट जेवियर्स तथा म्युनिस्पिल स्कूल के बीच फाइनल मैच हुआ। यह मैच ड्रा होने के बाद पेनाल्टी में सेंट जेवियर्स 3-1 से फाइनल पर कब्जा कर लिया। गर्ल्स फुटबॉल में विद्याकुंज स्कूल ने 3-0 से मेनोनाइट स्कूल को हराया। आयोजन समिति ने फाइनल विजेता ब्वायज वर्ग में सेंट जेवियर्स तथा गर्ल्स में विद्याकुंज स्कूल की टीम को शील्ड एवं पुरस्कार के साथ सम्मानित किया।

---

# राज्यस्तरीय कुश्ती स्पर्धा में 9 मेडल जीते

- सात खिलाड़ी राजस्थान में आयोजित राष्ट्रीय सीनियर कुश्ती प्रतियोगिता में लेंगे भाग

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय कुश्ती चयन प्रतियोगिता बीएसपी अखाड़ा भिलाई में 17 दिसम्बर को हुई। सीनियर पुरुष एवं महिला खिलाड़ियों का फ्री-स्टाइल, ग्रीको रोमन एवं महिला फ्री-स्टाइल के लिए विभिन्न वजन समूह में खिलाड़ियों का चयन हुआ। 57 किलो ग्राम में कुणाल यादव गोल्ड मेडल, 79 किलो ग्राम में मनीष यदु गोल्ड मेडल, 63 किलो ग्राम विजय कुमार यादव गोल्ड मेडल, 130 किलो ग्राम जतिनदास गोल्ड मेडल, वेद कुमारी नेताम 53 किलो ग्राम में गोल्ड मेडल, चोमेश्वरी साहू 76 किलो ग्राम में गोल्ड मेडल, 72 किलो ग्राम में द्विव्या साहू गोल्ड मेडल, देविका साहू 50 किलो ग्राम में सिल्वर मेडल, 76 किलो ग्राम में निकिता सोनवानी सिल्वर मेडल, येनेश साहू 57 किलो ग्राम में सिल्वर मेडल, हर्ष चंद्रवंशी 61 किलो ग्राम सिल्वर मेडल, गिरिजाशंकर साहू 67 किलो ग्राम सिल्वर मेडल, पंकज 65 किलो ग्राम सिल्वर मेडल, राजा यादव 60 किलो ग्राम सिल्वर मेडल, मेहुल टंडन ने अपने वजन में अच्छा प्रदर्शन किया। कोच नुमेश यादव, आशु निषाद थे। 4 पुरुष एवं 3 महिला खिलाड़ी 2 से 5 जनवरी तक जयपुर राजस्थान में आयोजित राष्ट्रीय सीनियर कुश्ती प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इस राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में खेलो इण्डिया लघु केन्द्र खेल एवं युवा कल्याण विभाग धमतरी की 3 बालिका एवं 5 बालक व कुश्ती प्रशिक्षक विजय कुमार यादव ने भाग लिया जिसमें चार गोल्ड मेडल, पांच सिल्वर मेडल जीते।

जिला कुश्ती संघ के अध्यक्ष लक्ष्मण पहलवान, संरक्षक एआर थिटे, सत्यवान यादव, उस्ताद भगवान सिंह यादव, अशोक यादव, गोपाल छांटा, कैलाश यादव, अजय चौबे सलाहकार, रामकुमार साहू, शिवा प्रधान, देवेन्द्र यादव, मेघराज यदु, कृष्ण साहू, प्रभात भोयर, हरीश नेताम, सतेन्द्र यादव, डॉ. चन्द्रशेखर बांधे, लोकेश साहू, देवा साहू, भूपेंद्र मानिकपुरी ने खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

---

### सरकार बदलने के बाद इस दिशा में स्पष्ट नीति बनने का इंतजार

# ठंडी पड़ी किसान सम्मान निधि की रिकवरी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सरकार बदलने से पहले ही अपात्र किसानों से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की रिकवरी ठंडी पड़ गई है। अपात्र किसान भी सम्मान निधि की रिकवरी लौटाने सामने नहीं आ रहे हैं। यही नहीं इस योजना के लिए बने पोर्टल में रिकवरी की स्थिति भी सही ढंग से नजर नहीं आ रही है।

किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा किसान सम्मान निधि योजना चलाई जा रही है। इस योजना के तहत किसानों को हर साल 6 हजार रुपए तीन किस्त में दिया जा रहा है। विडंबना यह है कि इस योजना के शुरूआती दौर में 1654 अपात्र किसानों को भी 25 करोड़ रुपए की किसान सम्मान निधि जारी कर दी गई है। 2021 में यह गड़बड़ी पकड़ी गई, जिसके बाद अपात्र किसानों से वसूली शुरू कर दी गई लेकिन अपात्र किसानों का सम्मान निधि से मोह भंग नहीं हो रहा है। हाथ में आई राशि को वे लौटाने का नाम नहीं ले रहे हैं। उधर विस चुनाव से पहले ही सम्मान निधि की रिकवरी भी ठंडी पड़ गई थी। अब भाजपा की सरकार बन चुकी है। इसके बाद भी सम्मान निधि की रिकवरी में तेजी नहीं आई है। जानकारी के अनुसार अब तक 10 प्रतिशत किसान भी सम्मान निधि नहीं लौटाए हैं।




#### दो विभाग जुटे रिकवरी में, फिर भी रिजल्ट कमजोर

किसान सम्मान निधि की रिकवरी के लिए कृषि विभाग जिम्मेदार है। आरईओ रूटीन कार्यों के साथ रिकवरी भी कर रहे हैं लेकिन उनके पास रिकवरी के लिए कार्रवाई आदि का अधिकार नहीं है। इस कारण वे रिकवरी ढंग से नहीं कर रहे हैं। रिकवरी की स्थिति को देखते हुए इस कार्य में राजस्व विभाग को भी जोड़ दिया गया है। राजस्व विभाग के पास कार्रवाई करने का अधिकार भी है। इसके बाद भी रिकवरी में तेजी नहीं आ पाई है।

#### ढूंढने से नहीं मिल रहे किसान

रिकवरी में आरईओ के पसीने छूट रहे हैं। कई किसान तो ऐसे हैं, जो धमतरी छोड़कर बाहर के जिले व प्रदेश में रहते हैं। आरईओ कई बार उनके घर के चक्कर लगा चुके हैं लेकिन वे घर पर ही नहीं मिल रहे हैं। वहीं अधिकांश किसान तो सुबह ही खेत निकल जाते हैं। ऐसे में किसानों को ढूंढना अधिकारियों के लिए मुसीबत से कम नहीं है।

#### रिकवरी के लिए क्या नीति होगी, स्पष्ट नहीं

किसान सम्मान निधि केंद्र सरकार की ओर दी जाती थी। पहले राज्य में कांग्रेस की सरकार थी। ऐसे में रिकवरी पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया जा रहा था। अब सरकार भाजपा की बन गई है। ऐसे में अपात्र किसानों से रिकवरी के लिए क्या नीति अपनाई जाएगी। यह अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। यदि अपात्र किसानों को रियायत दी जाती है, वे रिकवरी से बच जाएंगे।


हरिभूमि

## पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

## खबर संक्षेप

### परीक्षा फार्म निर्धारित शुल्क के साथ 5 जनवरी तक जमा करें

**आमदी।** शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी के नियमित छात्र-छात्राओं का परीक्षा फार्म निर्धारित शुल्क बिना विलंब शुल्क के साथ 15 दिसंबर से 5 जनवरी तक एवं 6 से 13 जनवरी तक निर्धारित शुल्क एवं 100 रूपए विलम्ब शुल्क के साथ ऑनलाइन माध्यम से भराया जा रहा है। सभी विद्यार्थी नियत तिथि तक अपना मुख्य परीक्षा फार्म भर लेवें। हार्ड कॉपी परीक्षा केन्द्र 408, शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी में अग्रेषण शुल्क राशि तीस रूपए के साथ अनिवार्य रूप से जमा करें।

## निधन

### आनंदराम साहू

**जीजामगांव।** ग्राम कचना के सेवानिवृत्त शाखा डाकपाल आनंदराम साहू 68 वर्ष का निधन 18 दिसंबर को हो गया। उनके निधन पर सोनबाई साहू, चैनसिंह साहू, नीतू साहू, संतराम, पुनुराम, डाकवर, देवाराम, टोमन, खेमलाल, नेमीचंद, तेजराम, कोमल, डागेंद्र, साधना साहू, नीलम गोस्वामी सहित ग्रामीणों ने गहरा शोक प्रकट करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की है।



### सुरेंद्र साहू

**मगरलोड।** ग्राम लुगे निवासी व जनपद पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष सुरेंद्र साहू का 18 दिसंबर सोमवार को आकस्मिक निधन हो गया। वे पुखराज, भोजराम, कोमलसिंह के भाई एवं भाजपा युवा जिला महामंत्री चेतन साहू के चाचा थे। मृतक का अंतिम संस्कार 19 दिसंबर मंगलवार को सुबह 11 बजे गृह ग्राम लुगे में किया जाएगा।



### भाजपा कार्यकर्ताओं ने नवनिर्वाचित विधायक का गर्मजोशी के साथ किया स्वागत

# समाज सेवा ही सबसे बड़ी सेवा : अजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीजामगांव





ग्राम जीजामगांव में बाबा गुरु घासीदास की जयंती सतनामी समाज एवं ग्रामवासियों के सहयोग से मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नवनिर्वाचित विधायक एवं पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर थे ।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री चंद्राकर ने कहा कि चुनाव से पहले मैं जीजामगांव आया था। सतनामी समाज के प्रबुद्ध लोगों से मुलाकात हुई। गुरु घासीदास के चरित्र एवं उनके योगदान के बारे में चर्चा हुई। बाबा जी के सभी प्रतीकों में चंदन से लेकर स्तंभ तक श्वेत रंग का बड़ा ही महत्व है। श्वेत रंग शांति, सद्भावना का प्रतीक है। शांति और सद्भावना का संदेश बाबा जी ने दिया है। जितने भी संत छत्तीसगढ़ की धरती में जन्म लिए हैं, वे मानव कल्याण के लिए काम किए हैं। स्वामी विवेकानंद कोलकाता के बाद छत्तीसगढ़ में सर्वाधिक समय बिताये हैं। बाबा की 250 वी जयंती पर कुरूद में संत गुरु घासीदास महाविद्यालय का नामकरण किया गया।

छत्तीसगढ़ में जब पहली बार सरकार बनी तो मुझे रायपुर के प्रभारी मंत्री के रूप में कार्यभार मिला तो मुझे गिरौधपुरी में काम करने का अवसर प्राप्त हुआ। चरण कुंड से छाता पहाड़ तक सीढ़ी, वहां की हरियाली के लिए वृक्षारोपण के साथ पीने का पानी तथा शेड निर्माण की व्यवस्था एवं जैतखाम शिलान्यास का प्रत्यक्ष साक्षी हूं। महान संत की जन्म भूमि का जीर्णोद्धार करने का फल मिला। श्री चंद्राकर ने आगे कहा कि बाबा जी की जयंती धूमधाम एवं उत्साह से मनाई जा रही है जिसके कारण लोग बाबा के संदेश को निकटतम से महसूस कर रहे हैं। समाज सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है। बाबा गुरु घासीदास ने लोगों के उत्थान के लिए जीये।

इस अवसर पर भानु चन्द्राकर, गौकरण साहू, आनंद गांधी, नारायण गिरी, नवीन गांधी, सुलोचना महिलांगे सरपंच, टिकेश्वरी मारकंडे जनपद सदस्य, युवलाल चेलक, रामचंद चेलक, कार्तिक रात्रे, टोमन चेलक, सांवल ओगरे, होरीलाल, दुर्गेश रात्रे, नीरज रात्रे, गीतेश्वर कुर्रे, भीखम रात्रे, सुमन मारकंडे, अशोक साहू, सुरेश साहू, छबि पटेल, इशु पटेल, योगेश्वर साहू, टकेश्वर साहू, ढालसिंग साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# गांव-गांव पहुंच रही भारत संकल्प यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

जनपद पंचायत नगरी द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत गांव-गांव तक योजनाओं को पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है, जिसमें अधिकारी और कर्मचारी अपनी अहम भूमिका निभा रहे हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन शिविर के माध्यम से विकासखंड में जारी है। बता दें कि यह यात्रा ब्लॉक के विभिन्न दिवस गांव-गांव तक पहुंचेगी। शिविर में गरीब एवं वंचित परिवार को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जायेगी। शिविर में नागरिकों और लाभार्थियों से योजनाओं के संबंध में उनके अनुभव भी साझा किया जाएगा। जनपद पंचायत नगरी मुख्य कार्यपालन अधिकारी लोकनाथ पटेल ने क्षेत्रवासियों से शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।





# एक दूसरे से मुलाकात राजनीतिक शुचिता का प्रतीक : चंद्राकर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी

कुरूद विधानसभा से छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस (जे) के प्रत्याशी रहे तेजेश्वर कुर्रे ने नवनिर्वाचित कुरूद विधायक अजय चंद्राकर से उनके रायपुर स्थित बंगले में मुलाकात की। इस अवसर पर श्री चंद्राकर ने कहा कि चुनाव में जीत हार लगी रहती है। मत भिन्नता हो सकती है, लेकिन मनभेद नहीं होना चाहिए। कुरूद विधानसभा चुनाव में प्रतिद्वंदी रहे तेजेश्वर कुर्रे का मुलाकात करना राजनीतिक शुचिता का परिचायक है। उन्होंने इस बात को रेखांकित किया है कि कुरूद की जनता से उन्हें उतना ही लगाव और प्रेम है, जितना मुझे क्षेत्र के विकास से है। समाज व क्षेत्र के विकास में हरसंभव सहायता करेंगे। आगे कहा कि क्षेत्र में अनेक विकास कार्य हुए हैं और जो कमियां है, उसे दूर किया जाएगा।

## अंचल की खबरें

### बगदेही में निकली अक्षत कलश की शोभायात्रा



**बगदेही(धमतरी)।** ग्राम बगदेही में श्रीराम जन्मभूमि से आये अभिमंत्रित अक्षत कलश की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की जायेगी। इस अवसर पर प्रत्येक परिवार में निमंत्रण देने प्रभु रामचंद्र एवं कलश की विधिवत पूजा-अर्चना के पश्चात भजन कीर्तन करते हुए शोभायात्रा निकाली गई। मौके पर पंडित युगल किशोर सुलेरे, खम्भन साहू, दिनेश साहू, संतोष निर्मलकर, कामता साहू, क्रांति साहू समेत अन्य मौजूद थे।

### दरगहन स्कूल में लगा बाल मेला



**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम दरगहन के माध्यमिक शाला में स्कूली बच्चों द्वारा बाल मेला का आयोजन किया गया था। बच्चों ने अपने-अपने हिसाब से स्टॉल लगाए थे। ग्रामवासियों एवं शिक्षकों ने बच्चों द्वारा बनाए गए व्यंजनों का स्वाद लिया। खरीदारी भी की। इस आयोजन को लेकर बच्चों में काफी उत्साह था। कुरमातराई स्कूल की शिक्षिकाओं ने भी इस आयोजन में शिरकत की। कार्यक्रम में माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक ओपी साहू श्री बारले, श्रीमती रोहिणी एवं श्रीमती चंद्राकर मौजूद थे।

### खुदुरपानी में रासेयो इकाई ने चलाया स्वच्छता अभियान



**नगरी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय फरसियां के स्वयंसेवकों द्वारा खुदुरपानी में 20 दिसंबर तक प्राचार्य नीरज सोन व रासेयो के कार्यक्रम अधिकारी ऋषिकेश साहू, यशपाल साहू के मार्गदर्शन में शिविर आयोजित किया गया है। शिविर का मुख्य थीम नशा मुक्त समाज के लिए युवा रखा गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच ग्राम पंचायत भैंसामुड़ा रामजी मरकाम थे। अध्यक्षता खम्मनलाल साहू ने की। विशेष अतिथि उपसरपंच शिवदयाल साहू, यशोदा बाई सोरी, पीलूराम मरकाम ग्राम पटेल, देवलाल नेताम, राधेलाल ध्रुव, वीरेंद्र नेताम, सुरेंद्र सोरी, देवलाल मरकाम, किशोर नवरंग, अरुण यादव, चंद्रशेखर चिन्डा थे। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। बौद्धिक सभा में करियर गाइडेंस, विधिक सेवा के बारे में बच्चों को और ग्रामवासियों को जानकारी दी गई। रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति ने दर्शक दीर्घा का मन मोह लिया। इस अवसर पर स्कूल स्टाफ शिल्पा मानिकपुरी, लोमस पटेल, प्रेमलाल ध्रुव, अरविंद सोम, मनुराज साहू, मिलेंद्र ठाकुर, टिकेश साहू समेत स्वयंसेवक उपस्थित थे।

### पुरूर में विधायक नीलकंठ टेकाम का हुआ भव्य स्वागत



**पुरूर(धमतरी)।** केशकाल विस क्षेत्र के नवनिर्वाचित भाजपा विधायक एवं पूर्व आईएएस नीलकंठ टेकाम का ग्राम पुरूर के रानी दुर्गावती चौक पर भाजपा मंडल गुरूर के कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक श्री टेकाम ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरूण साव, विजय शर्मा ने कैबिनेट की पहली ही बैठक में कई बड़े फैसले लिये हैं जिसमें प्रमुख रूप से प्रदेश के 18 लाख से भी अधिक गरीबों को आवास, 25 दिसम्बर को छग के निर्माता अटल बिहारी बाजपेयी की जंयती पर किसानों को दो साल का बकाया बोनस देने का फैसला किया है। भाजपा नेता राकेश यादव ने कहा कि वे विधायक नहीं बने तो क्या हुआ। क्षेत्र की आम जनता की सेवा एवं सहयोग के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे। इस अवसर पर अमित चोपड़ा, धर्मेन्द्र अग्रवाल, पालक ठाकुर, राजेश दीवान, जनार्दन सिन्हा, सुरेन्द्र तिवारी, कनेरी सरपंच दिनेश्वरी सिन्हा, चिटौद सरपंच कुमारी साहू, द्वारिका कटेन्द्र, हेमंत सिन्हा, देवेन्द्र साहू, गुलाब सेन, रघुवीर साहू, मोती सिन्हा, चोवेन्द्र साहू सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### शिविर में रासेयो छात्रों को करियर गाइडेंस के बारे में दी जानकारी

# शिक्षा का मतलब सिर्फ नौकरी पाना नहीं : डॉ. संजय



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोर्रा(भखारा)

ग्राम सिलीडीह में महर्षि वेदव्यास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भखारा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा प्राचार्य डॉ. संजय शर्मा के मार्गदर्शन एवं रासेयो कार्यक्रम अधिकारी जानेन्द्र बंजारे के नेतृत्व में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। द्वितीय दिवस प्रातः जागरूकता रैली निकाली गई। नवचेतना जागरण शिविर अंतर्गत हिरेन्द्र साहू आर्ट ऑफ लिविंग योग प्रशिक्षक के निर्देशन में सभी स्वयंसेवकों ने भस्त्रिका एवं सूक्ष्म व्यायाम किया। द्वितीय दिवस बौद्धिक परिचर्चा समारोह के मुख्य अतिथि महर्षि वेदव्यास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भखारा के प्राचार्य डॉ. संजय शर्मा थे। विशिष्ट अतिथि आनंद सोनी सहायक प्राध्यापक अंग्रेजी, रामकिशोर यादव सहायक प्राध्यापक राजनीति विज्ञान, दिनेश कुमार नाग सहायक प्राध्यापक वाणिज्य सहित सुश्री त्रिशाला साहू एवं सुश्री चंद्रकला निषाद थे।

मुख्य अतिथि श्री शर्मा ने कहा कि शिक्षा का मतलब सिर्फ नौकरी पाना नहीं है। शिक्षा हमारे जीवन में कहीं न कहीं काम आता है। रामकिशोर यादव ने कहा कि नौकरी, पैसा और करियर हमारे जीवन के लिए होता है। हमारा जीवन नौकरी, पैसा और करियर के लिए नहीं होता है। करियर का मतलब सिर्फ ये नहीं है कि हम सरकारी नौकरी करें। हम अपना पैतृक व्यवसाय या खुद का कुछ नया व्यवसाय करके अपना करियर बना सकते हैं। दिनेश कुमार नाग ने कहा कि हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हमें अपना करियर किस क्षेत्र में बनाना है। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी जानेन्द्र बंजारे के नेतृत्व में स्वयंसेवक चेतनानंद बीएससी द्वितीय वर्ष ने किया।

# भोलाराम की बाल कहानी छेरछेरा का चौदह भाषा में हुआ अनुवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

ग्राम डाभा निवासी व शासकीय प्राथमिक शाला कमारिनमुड़ा में पदस्थ शिक्षक भोलाराम सिन्हा की चयनित कहानी छेरछेरा को इंदिरा कला संगीत विश्व विद्यालय खैरागढ़ के बाल साहित्य सेमिनार में प्रदर्शित किया गया। युवा साहित्यकार श्री सिन्हा की छेरछेरा कहानी को समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ शासन व रूम टू रीड द्वारा चौदह भाषाओं में अनुवाद कराया गया है। निकट भविष्य में छत्तीसगढ़ की सभी प्राथमिक शालाओं में यह कहानी भेजी जाएगी। श्री सिन्हा की बाल कहानियां बच्चों में आत्मविश्वास व सृजनशीलता बढ़ाती हैं। इस कहानी के चित्रों को चित्रकार भार्गव कुलकर्णी ने बनाया है। इस राज्य स्तरीय सेमिनार का मुख्य विषय बाल साहित्य में दृश्य चित्रों का महत्व था। इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ के मुख्य सभागार में इसका आयोजन रखा गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विश्वविद्यालय के कुलपति पद्मश्री डॉक्टर मोक्षदा ( ममता चंद्राकर), विश्वविद्यालय रजिस्टर प्रो. नेता गहरवाल, समग्र शिक्षा से एम सुधीश, टीसी जायसवाल, विश्वविद्यालय कला संकाय प्रो. राजन यादव, एससीईआरटी से डिकेश्वर वर्मा, यूएसआईडी से शिखा जैन उपस्थित थे।






उनकी इस उपलब्धि पर टीसी जायसवाल, डीईओ श्री वाजपेयी, बीईओ मनीष ध्रुव, बीआरसी धीरज देवांगन, मोहंदी समन्वयक रुपेश शर्मा, होरीलाल साहू, नरेंद्र सिन्हा, शैलेन्द्र साहू, रवि गोस्वामी, अशोक पटेल, कोमल साहू, भानुप्रताप साहू, चन्द्रहास सिन्हा, पवन निषाद, डां शिवनारायण साहू, संगम साहित्य एवं सांस्कृतिक समिति मगरलोड के अध्यक्ष पुनूराम साहू, सचिव आत्माराम साहू, उपाध्यक्ष वीरेंद्र सरल, नोहर लाल, चिंताराम सिन्हा, लालेश्वर सिन्हा, भोपालमणि ने हर्ष व्यक्त किया है।

### जोनस्तरीय समारोह में सेवानिवृत्त प्रधानपाठकों को दी गई विदाई

# समाज, देश को आगे बढ़ाने में शिक्षक की अहम भूमिका : एबीईओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सांकरा



संकुल केंद्र सांकरा और संकुल केंद्र भोथली के संयुक्त तत्वावधान में वर्ष 2023 में सेवानिवृत्त हुए शासकीय कर्मचारियों को जोनस्तरीय विदाई समारोह में शनिवार को भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त प्रधानपाठक मदन सिंह साहू और बालमुकुंद साहू के साथ शिक्षक तामस कुमार बिसेन को श्रीफल, शाल, भगवत गीता एवं डायरी, पेन भेंटकर ससम्मान विदाई दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मदन सिंह साहू, बालमुकुंद साहू और तामस कुमार बिसेन थे। अध्यक्षता संकुल प्राचार्य अनिभा अग्रवाल ने की। विशिष्ट अतिथि श्रीमती महेश्वरी ध्रुव एबीईओ नगरी थीं।

कार्यक्रम में प्राथमिक शाला और माध्यमिक शाला सांकरा के बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। तत्पश्चात शिक्षकों ने सेवानिवृत्त प्राप्त अतिथियों के शिक्षकीय जीवन से जुड़े उनके कर्तव्यनिष्ठता, सदाचार, स्वभाव और शिक्षा के उनके समर्पण के प्रसंगों को अपने विचारों के माध्यम से व्यक्त किया। मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त प्रधानपाठकों और शिक्षकों ने भी अपने शिक्षकीय जीवन से जुड़े वृतांत सुनाए। एबीईओ श्रीमती महेश्वरी ध्रुव ने कहा कि शिक्षक भले ही विभाग या शासकीय कार्य से मुक्त हो जाते हैं मगर वे अपनी शिक्षा के कार्य से कभी मुक्त नहीं हो सकते। एक शिक्षक जीवन पर्यंत शिक्षा की रोशनी फैलाकर अंधकार को दूर करता है और समाज और देश को आगे बढ़ाने में एक नई दिशा प्रदान करते हैं।

इस आयोजन में संकुल समन्वयक दिनेश ताम्रकार और सोनेंद्र ध्रुव का सहयोग रहा। कार्यक्रम में शारदा प्रसाद ग्वाले प्रधानपाठक, बीएस गौर प्रपा, मोहनलाल साहू प्रपा, श्रीमती केशर बिसेन, प्रधानपाठक कंवल सिंह हिरवानी, प्रपा पूर्णेंद पटेल, श्रीमती पवनरेखा साहू, प्रपा श्रीमती कंचन साहू, प्रपा श्रीमती कृष्णा चंद्राकर के अलावा संकुल केंद्र सांकरा और भोथली के शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन कोरमुड़पारा स्कूल के प्रधानपाठक शारदा प्रसाद ग्वाले ने किया।

Pride of Dhamtari

उचित दामों पर उच्चतम क्वालिटी के फ्लाईएश ईंट एवं पेवर ब्लाक उपलब्ध
कासलीवाल ब्रिक्स
रेत, गिट्टी, ईंट, सीमेंट, छड़ के सप्लायर
प्रो. शीतल कासलीवाल : 87706-89029
ग्राम-संकरी, तहसील-कुरूद, जिला-धमतरी
नोट : सभी शासकीय कार्य एवं भवन निर्माण हेतु जीएसटी बिल के साथ उपलब्ध

आपके शहर धमतरी में
प्रख्यात चिकित्सकों द्वारा चिकित्सा परामर्श
स्थान : क्रिश्चन हॉस्पिटल ,बस स्टैण्ड के सामने, धमतरी
ओ.पी.डी.
अगर आप ब्रेन,स्पाईन सर्जरी एवं पेट ,लीवर से सम्बंधित लक्षण व परेशान है तो अवश्य परामर्श लेवें
डॉ राजेश जैन
MS,MCh,FHU (Japan)
ब्रेन एवं स्पाईन सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ अरुण अय्यर
MD,DM
Gastroenterologist
पेट एवं लिवर रोग विशेषज्ञ
पंजीयन आवश्यक - 9424942992
कृपया पुरानी रिपोर्ट साथ लावें
22 दिसम्बर 2023 शुक्रवार

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 83058-71196, कुरुद - 98268-82770, नगरी -77488-10431,
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-238756

## खबर संक्षेप



### बाबा के सात संदेश को जीवन में धारण करने किया आह्वान

**धमतरी।** संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास की 267 वीं जयंती सतनाम भवन डोंगेश्वर घाट देवपुर में हर्षोल्लास से मनाई गई। ब्लॉक अध्यक्ष धमतरी ग्रामीण दिनेश्वर बंजारे ने बाबा गुरु घासीदास के 7 संदेश, 42 वाणी को अपने जीवन में धारण करने का आह्वान किया। मौके पर सचिव भगवान दास सोनवानी, मेला समिति अध्यक्ष अमृत दास सोनवानी , धन्नू जांगड़े, नरेश बघेल, बसदेव सोनवानी, सिकंदर घृतलहरे, रोशन भंडारी, गौकरण चेलक, राज चेलक, अश्वनी सोनवानी, फग्नू, कुंदन टंडन, शिवलाल जांगड़े, महेश्वर जांगड़े मटुक सोनवानी, शानू गायकवाड़ उपस्थित थे।

### तात्कालिक भाषण में पूजा रही अव्वल



**धमतरी।** शासकीय नारायणराव मेघावाले कन्या महाविद्यालय धमतरी में विकसित भारतः 2047 विषय पर प्राचार्य डॉ. डी.आर. चौधरी के मार्गदर्शन में तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता हुई जिसमें प्रथम स्थान पूजा यादव एमए तृतीय सेमेस्टर, द्वितीय स्थान सुषमा साहू एमए प्रथम सेमेस्टर तथा तृतीय स्थान अंजु एमए प्रथम सेमेस्टर ने प्राप्त किया। इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. रोहिणी मरकाम ने कहा कि भारत युवाओं का देश है विकास के लिए हमें एक दूसरे का सहयोग लेकर आगे बढ़ना है। टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में सूर्ययान, चन्द्रयान में सफलता प्राप्त कर चुके हैं और अब गगनयान की तैयारी कर रहे हैं। सहायक प्राध्यापक राजेश जांगड़े ने कहा कि युवाओं के पास अपनी एक विचारधारा होना आवश्यक है जिसके आधार पर वह सतत कार्य कर सके। पूर्णिमा साहू ने कहा कि हमें 2047 तक विकसित भारत का स्वप्न पूर्ण करना है। कार्यक्रम में निर्णायक सहायक प्राध्यापक राजेश जांगड़े, हुकेश मारकण्डेय, पूर्णिमा साहू रहे। मौके पर डॉ. जे.एल. पाटले, ओ.पी. चन्दे, आकाश साहू, मधु माधव देव, राम सोनी, पोखराज साहू, सुषमा साहू, सतीश साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. जयश्री रणसिंह ने किया।

दूसरे दिन कोलियारी और गेदरा पहुंची भारत संकल्प यात्रा

# दो गांव के ग्रामीणों ने लिया भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी




विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के दूसरे दिन कोलियारी और गेदरा में बतौर मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष दिनेश्वरी नेताम, जनपद उपाध्यक्ष हुमित कुमार लिमजा और अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष महेंद्र नेताम शामिल हुए। इस मौके पर जनपद अध्यक्ष ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना भारत को विकसित देशों की श्रेणी में लाना है। आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। देश को विकसित बनाने में वहां के नागरिकों की अहम भूमिका होती है। मोदी ने प्रदेश के 18 लाख गरीब परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास उपलब्ध कराने की गारंटी दी है। वहीं महिलाओं को उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन प्रदान किया जा रहा है। जनपद उपाध्यक्ष हुमित कुमार लिमजा ने कहा कि मोदी की मंशा 2047 तक भारत को विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने की है। इसके साथ ही किसानों को बोनस, मुफ्त खाद्यान्न, गैस कनेक्शन जैसी अनेक योजनाओं से प्रदेशवासियों को लाभान्वित करने का लक्ष्य है, जिसे प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पूरा करने का काम शुरू कर दिया है। आदिवासी मोर्चा के जिलाध्यक्ष महेंद्र नेताम ने कहा कि केन्द्र की सभी योजनाओं का क्रियान्वयन कराना विभागों का काम है, साथ ही हम सबको सहयोग करना है।अंतिम व्यक्ति को योजनाओं का लाभ दिलाना हम सबकी जिम्मेदारी है। जनपद सीईओ ने यात्रा के उद्देश्य से ग्रामीणों को अवगत कराया। जनपद अध्यक्ष ने भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का सभी लोगों को संकल्प दिलाया। संकल्प यात्रा में सरपंच प्रेमसिंह सलाम, तुलसीराम मंडावी, महामंत्री संजय शांडिल्य, रामलाल तुमरेटी, जागेश्वर नेताम, ननकूदास मानिकपुरी, रामकुमार नेताम सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

दोहा-चौपाई के साथ सुमधुर भजनों में लोग झूम रहे

# सांकरा में राम जन्म कथा पर निकली आकर्षक झांकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सांकरा



ग्राम सांकरा में श्रीराम कथा का आयोजन किया गया है। सोमवार को राम-जन्म प्रसंग पर धूमधाम से श्रीराम जन्मोत्सव मनाया गया। इस दौरान आकर्षक झांकी निकाली गई। कथावाचिका सुश्री प्रभुप्रिया के श्रीमुख से कथा सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो रहे हैं।

राधे-राधे सत्संग सेवा समिति व मोहल्लेवासियों द्वारा 16 से 23 दिसम्बर तक मानस मंच में संगीतमय श्र राम कथा का आयोजन किया गया है। उज्जैन से पहुंची बालविदुषी प्रभुप्रिया व्यास पीठ की गद्दी से कथा का वाचन कर रही हैं। संगीतमय कथा के आयोजन से पूरे क्षेत्र का माहौल आध्यात्मिक हो गया है। वे गीत-संगीत के साथ सरल-सहज शब्दों में कथा का वाचन कर रही हैं, जिसे सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो रहे हैं। कथा के दौरान मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के जीवन चरित्र के माध्यम से लोगों को सीख दी जा रही है। दोहा-चौपाई के साथ सुमधुर भजनों से लोग झूम रहे हैं। सोमवार को श्रीराम जन्म की कथा सुनाई गई।



इस दौरान पूरा कथास्थल भय प्रगट कृपाला व जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा। दशरथ, मां कौशिल्या व श्रीराम के बालरूप के रूप में सजाकर झांकी निकाली गई, जिसका दर्शन व पूजा करने श्रद्धालुओं में होड़ लग गई। कथा को संपन्न कराने में आयोजन समिति के सदस्य व मोहल्लेवासी जुटे हुए हैं।

# 7वें वेतनमान का पेंशन एरियर्स देने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

पेंशनर एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष यशवंत देवान ने कहा कि पूर्ववर्ती मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेश के संविदा कर्मचारी, अनियमित कर्मचारी, नियमित कर्मचारी, अधिकारी सहित छग के पेंशनरों की उपेक्षा की। इससे नाराज होकर कर्मचारियों समेत प्रदेश की जनता ने भाजपा को शासन की बागडोर सौंप दी। पार्टी ने विष्णुदेव साय को मुख्यमंत्री, अरूण साहू एवं विजय शर्मा को उपमुख्यमंत्री बनाया है। उन्होंने आगे कहा कि छग प्रदेश बनने के 23 वर्षों बाद भी छत्तीसगढ़ मध्यप्रदेश के मध्य पेंशनरों के स्वत्वों का बंटवारा मध्यप्रदेश पुनर्गठन अधिनियम की धारा 2000(6) के तहत नहीं हुआ है, जिसके कारण पेंशनरों को देय स्वत्वों का भुगतान दोनों राज्यों की सहमति के बिना संभव नहीं है। सहमति मांगने एवं देने में वर्षों, महीनों लग जाता है। इससे 6वें वेतनमान में 32 माह से 7वें वेतनमान में 27 माह के पेंशन एरियर्स आदेश में देरी होने के कारण वंचित हो गए। महंगाई-राहत आदेश भी 6 से 8 माह जारी होने के कारण कई वर्षों के एरियर्स से पेंशन वंचित हैं।



छत्तीसगढ़ के पेंशनरों ने मुख्यमंत्री से अपील की है कि आगामी लोकसभा चुनाव के पूर्व मध्यप्रदेश पुनर्गठन अधिनियम 2000 (6) को समाप्त करने आगामी छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र में प्रस्ताव पारित कराकर भारत सरकार को भिजवाएं।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा छिपली, लुगे, करेली छोटी पहुंची, दी केन्द्रीय योजनाओं की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

केंद्र सरकार द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ 16 दिसंबर से विकासखंड मगरलोड के ग्राम पंचायत छिपली लुगे, करेली छोटी से किया गया। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी एवं जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी विभिन्न विभागों के माध्यम से दी जा रही है। प्रत्येक गांव में विभाग द्वारा स्टॉल लगाया जा रहा है। मंच में हितग्राहियों ने योजना का लाभ प्राप्त कर सुखद अनुभव बताया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष नरेश सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प विकसित भारत का निर्माण करना है। गांव की अंतिम पंक्ति के व्यक्ति के विकास हेतु यह योजना बनाई गई है। योजना का लाभ



धरातल पर दिख रहा है। गरीबों के लिए प्रधानमंत्री आवास, उज्ज्वला योजना के तहत रसोई, स्वच्छ भारत मिशन के तहत हर घर शौचालय, शुद्ध पेयजल हेतु घर-घर जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री सम्मान निधि के तहत प्रतिवर्ष किसानों के बैंक खाते में 6000 रूपये भेजना, फसल की क्षतिपूर्ति हेतु फसल बीमा योजना आदि अनेक जनकल्याणकारी योजना का लाभ आम जनता को मिल रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में विभागवार स्टॉल लगाकर केंद्र की महत्वाकांक्षी योजनाओं के बारे में बताया जा रहा है। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सरपंच, सचिव, जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी-कर्मचारी व हितग्राही मौजूद थे।

# अग्निवीर भर्ती रैली में शामिल होने जिले के युवा रवाना



- जिला प्रशासन द्वारा की गई नि :शुल्क बस की व्यवस्था
- बस को हरी झंडी दिखाकर अपर कलेक्टर ने किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

कलेक्टर ऋतुराज रघुवंशी की विशेष पहल पर अग्निवीर थल सेना भर्ती रैली में शामिल होने जिले के युवा जिला जांजगीर चांपा के लिए रवाना हुए। कलेक्टर श्री रघुवंशी ने जिले के युवाओं के लिए निःशुल्क बस की व्यवस्था की थी, जिसे अपर कलेक्टर जीआर मरकाम ने कलेक्टरेट कार्यालय से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। गौरतलब है कि जांजगीर में आयोजित अग्निवीर भर्ती रैली में 18 दिसंबर को धमतरी जिले के युवाओं की शारीरिक दक्षता सम्बन्धी परीक्षा होनी है। इसे देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा युवाओं को जांजगीर ले जाने निःशुल्क बस सुविधा की व्यवस्था की गई है। कलेक्टर श्री रघुवंशी ने युवाओं को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि देश सेवा का यह सुनहरा अवसर है। युवाओं ने जिला प्रशासन द्वारा निःशुल्क बस सुविधा उपलब्ध कराने पर खुशी जाहिर की है।

# प्राशा ढीमरटिकुर में अतिरिक्त कक्ष का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

- छात्राओं ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति

प्राथमिक शाला ढीमरटिकुर के नवनिर्मित अतिरिक्त कक्ष भवन का विधि-विधान से शुभारंभ किया गया। ग्राम पंचायत ढीमरटिकुर के प्राथमिक शाला परिसर में अतिरिक्त कक्ष व प्रधानपाठक कक्ष का भवन बनाया गया है जिसका शुक्रवार को सरपंच व शाला विकास समिति के सदस्य, प्रधानपाठक व ग्रामवासियों की मौजूदगी में पूजा-पाठ के बाद शुभारंभ किया गया। इस दौरान प्राथमिक व माध्यमिक स्कूल के बच्चों को टाई, बेल्ट व आईडी कार्ड सरपंच, संकुल प्राचार्य केपी साहू, संकुल समन्वयक कुलेश्वर दाऊ व प्रधानपाठकों द्वारा वितरित किया गया। स्कूल के प्रधानपाठक लक्ष्मीधर दीवान ने योजनाबद्ध तरीके से कार्यक्रम का




संचालन किया। लोकार्पण कार्यक्रम में स्कूल की छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

इस दौरान सरपंच मोहनंदनी, प्रधानपाठक जयप्रकाश देवांगन, अवनेन्द्र साहू, पुष्पलता देवांगन, माया निषाद, शशिकला ध्रुव, धरमलाल साहू, जीवनधनराम, कुमाऊराम ध्रुव, रेखाबाई, गंगाबाई, उषा निषाद, ढेलिया बाई, गोपाल राम, मंगलूराम, नोहर लाल, संतोषी बाई, बिमला बाई, सोहद्रा, भानसिंग, गुप्तेश्वर, दूजराम साहू, मीनाक्षी, रामेश्वर राव जाधव, खिलेन्द्र ध्रुव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# नेशनल लोक अदालत में 2549 प्रकरणों का निराकरण

- लोक अदालत में प्रकरण के निपटारे का अनुपात छत्तीसगढ़ में बेहतर : न्यायमूर्ति भादुड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण केएल चरयाणी के निर्देशन में जिला न्यायालय में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ कार्यपालक अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं न्यायमूर्ति गौतम भादुड़ी न्यायाधीश छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर ने किया।

न्यायमूर्ति न्यायालय परिसर में गठित खण्डपीठों का निरीक्षण करते हुए पक्षकारों से रू-ब-रू हुए तथा नेशनल लोक अदालत से संबधित कार्यों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान न्यायमूर्ति गौतम भादुड़ी के



साथ केएल चरयाणी जिला एवं सत्र न्यायाधीश धमतरी, आनन्द वारियाल सदस्य सचिव छग राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं अन्य पदाधिकारीगण, न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण थे। इस अवसर पर न्यायमूर्ति ने लोक अदालत की महत्ता को बताते हुए कहा कि लोक अदालत में प्रकरण के निपटारे का अनुपात छत्तीसगढ़ राज्य में बहुत अच्छा है। लोक अदालत में दोनों पक्षकार खुश रहते हैं तथा राजीनामा होने से प्रकरण का शीघ्र निपटारा हो जाता है। नेशनल लोक अदालत में कुल 1023 न्यायालयीन प्रकरण तथा कुल 1526 प्री-लिटिगेशन प्रकरण निराकृत हुए जिनमें कुल समझौता राशि 1,76,58,558 रूपये रही।

जिला एवं सत्र न्यायाधीश के न्यायालय में मोटर दुर्घटना दावा का प्रकरण नेशनल लोक अदालत में राजीनामा के आधार पर किया गया। आवेदक ने अनावेदक के विरूद्ध मोटरयान अधिनियम के तहत 77 लाख रूपये का दावा पेश किया था। घटना में आवेदक के पतिध्पिता की मृत्यु वर्ष 2022 में मोटर दुर्घटना में हो गई थी, जिसकी सुनवाई लगातार हो रही थी। न्यायालय द्वारा आवेदक एवं अनावेदकों के पक्षकारों को राजीनामा के लाभ का विस्तृत विवरण प्रस्तुत करते हुए समझाने का प्रयास किया और अनावेदक ने नेशनल लोक अदालत में आवेदक को 17 लाख रूपये दावा राशि प्रदान करने की सहमति दी।

इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग, समाज कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग और वन विभाग द्वारा स्टॉल लगाये गये थे। न्यायमूर्ति श्री भादुड़ी ने स्टॉल का निरीक्षण कर विभागों द्वारा संचालित योजनाओं और गतिविधियां की जानकारी ली तथा हितग्राहियों को चेक का वितरण किया। इसमें श्रीमती संगीता नागरची को 80 हजार रूपये, सीता यादव को दो लाख रूपये और समाज कल्याण विभाग की ओर से अस्थिबाधित श्रीमती तामेश्वरी निर्मलकर 50 हजार रूपये का चेक दिया गया।

# रासेयो छात्रों ने शिविर में लगाया छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का स्टाल



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भोथली की प्राचार्य श्रीमती एस. रामटेके के निर्देशन व रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. गणेशप्रसाद साहू व सहायक कार्यक्रम अधिकारी राकेश कुमार साहू के मार्गदर्शन में 58 स्वयंसेवकों द्वारा नशा मुक्त समाज के लिए युवा थीम पर ग्राम सारंगपुरी में 22 दिसंबर तक शिविर आयोजित किया गया है।

उद्घाटन समारोह के अतिथि सरपंच श्रीमती पद्मा सोनकर व विशिष्ट अतिथि रामकुमार यादव थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कैलाशराम साहू , कुलेश्वर प्रसाद साहू प्राचार्य ने की। ग्रामीण मनोहर सोनकर, चोवाराम साहू, छन्नू निषाद, धानसिंह कंवर, जोहतराम ध्रुव, प्रीतम सोनकर, जीवन लाल साहू के आतिथ्य में ध्वजारोहण किया गया। स्वयंसेवकों द्वारा छत्तीसगढ़ी व्यंजन खुर्मी, कटवा, चौसेला, भजिया की प्रदर्शनी लगाई गई। इसका आतिथियों व वरिष्ठजनों ने लुत्फ लिया। इस दौरान शहीद चोवाराम सेन को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मौके पर डॉ मंजूषा साहू व्याख्याता, रामानंद साहू शिक्षक एवं स्वयंसेवक रामखिलावन, भावेश, खिलेन्द्र, उमेश दास, युक्ति, सुनीता, लोमिन, डामिन, प्रेमलता उपस्थित थे।

# गायत्री परिवार विश्व में मानव कल्याण का कार्य कर रहा : रंजना



- पीपरछेड़ी में पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन, पूर्व विधायक हुई शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

ग्राम पीपरछेड़ी (कंडेल) में पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण कथा सत्संग प्रवचन का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश प्रवक्ता व पूर्व विधायक रंजना साहू शामिल हुईं। इस अवसर पर श्रीमती साहू ने कहा कि यज्ञ से मानव के अंदर त्याग व समर्पण की भावना विकसित होती है। आचार्य श्रीराम शर्मा के जीवन चरित्र एवं उनके द्वारा चलाया गया सप्त क्रांति आंदोलन सम्पूर्ण मानव समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत है। महायज्ञ का आयोजन भारतीय समाज और भारतीय संस्कृति को मजबूती प्रदान करता है।

गायत्री परिवार भारत सहित पूरे विश्व में मानव के कल्याण के लिए काम कर रहा है। यह यज्ञ धमतरीवासियों के जीवन में नवचेतना जागृत कर मानव सेवा की दिशा में सभी को कार्य करने की प्रेरणा देगा। मौके पर युग पुरोहित सीआर, संतोष, गजाधर, तातूराम, ईश्वर, पुनीतराम, लता साहू, चंद्रहास साहू, शांतिलाल साहू, कृपाराम साहू, दुलेश्वरी निर्मलकर सरपंच, केकती साहू, सुभाषिनी साहू, कोमिन साहू, जीवन सोनवानी, मायाराम सोनवानी, उमराव साहू, घनश्याम साहू सहित बड़ी संख्या में गायत्री परिजन उपस्थित थे।

### सिहावा में फूल मड़ई आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिहावा

सिहावा की दंतेश्वरी माता के दरबार में इस वर्ष भी आज 19 दिसंबर को फूल मड़ई का आयोजन किया गया है। लोगों से उपस्थिति की अपील की गई है।

घर बैठे लोन पायें
• LOW INTEREST RATE •
बिजनेस लोन पर्सनल लोन होम लोन कार लोन मॉर्गेज लोन
LOW PROCESSING FEE
कारगिल चौक, सुन्दर नगर, रायपुर (छ.ग.), मो. 9343916614
मात्र- 499/-
ITR GST

Health Town
यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30pm., सायं 7.00 to 8.30pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड, रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
रायपुर मो. 9406004581
बिलासपुर मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
L4-L5 नसों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पांव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, एड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप

### भजन संध्या आज

**धमतरी।** गोदड़ीवाला संत बाबा हरदासराम सेवा मण्डल के तत्वावधान में 19 दिसंबर मंगलवार को शाम 5 बजे गोदड़ीवाला धाम में साओ मंगल महोत्सव का आयोजन किया गया है। यह पर्व सिंधी समाज द्वारा धूमधाम से मनाया जायेगा। भजन, मदाह साहब, कीर्तन पश्चात प्रसादी का वितरण किया जावेगा। कार्यक्रम की तैयारी में सेवा मण्डल के सेवादारी मंशाराम आहूजा, दीपचंद काररा, मुकेश काररा, हीरा-मंजू पंजवानी, टिल्लू-सुमन आहुजा, सुनीता-गोपाल वाधवानी, राजकुमार-वर्षा जसवानी, प्रतीक जसवानी, भरत, सूरज, मोहित काररा, रूचिर पंजवानी समेत समाजजन जुटे हैं।

### राष्ट्रीय हॉकी के लिए हिमांशी का चयन



**धमतरी।** पूर्व माध्यमिक शाला सलोनी की छात्रा कुमारी हिमांशी नेताम का 14 वर्ष से कम आयु वर्ग में छत्तीसगढ़ बालिका हॉकी टीम के लिए चयन हुआ है। यह प्रतियोगिता ग्वालियर में 28 दिसम्बर से 1 जनवरी तक आयोजित होगी। इससे पहले वह रायपुर में 24 से 26 दिसम्बर तक कैंप में भाग लेगी। तत्पश्चात वहां से राष्ट्रीय स्तर हॉकी प्रतियोगिता के लिए ग्वालियर के लिए रवाना होंगी। इस उपलब्धि पर जिला पंचायत सदस्य श्रीमती अनीता ध्रुव, भाजपा नेता वामनदेव साहू, जनपद सदस्य शैलेंद्र साहू, सरपंच नरेश दीवान, संस्था के प्रधानपाठक जेआर नेताम, शिक्षक नटवरलाल कन्नौजे, भूपेंद्र कुमार धुर्वे, श्रीमती मीना सांभाकर, रविशंकर साहू ने शुभकामनाएं दीं। यह जानकारी कोच हेमलाल सिंह सिन्हा ने दी है।

### कांग्रेस कार्यकाल में सक्षम हुए किसान : गिरेश



**मगरलोड।** प्रदेश में सत्ता परिवर्तन के बाद अब लोगों की निगाहें उनके द्वारा दिए गए वादे एवं घोषणाओं पर टिकी हुई हैं। प्रति एकड़ 21 क्विंटल और 3100 रुपये में धान की खरीदी कब होगी। इसे लेकर किसान असमंजस में है। यह बातें ग्राम पंचायत खिसोरा के सरपंच गिरेश साहू ने कही है। श्री साहू ने आगे कहा कि भूपेश कार्यकाल में किसान खुशहाल व समृद्ध हुए। लेकिन प्रदेश में भाजपा सरकार आते ही किसानों की परेशानी शुरू हो गई। भाजपा की सरकार बने पखवाड़ा बीत गया लेकिन 21 क्विंटल धान खरीदी व 3100 रूपए समर्थन मूल्य देने के वादे पर अमल शुरू नहीं हो पाया है। उन्होंने आगे कहा कि यदि सरकार बनते ही इस वादे पर अमल होता तो आज नारायणपुर जिले के कुकड़ाझोर का गरीब किसान आत्महत्या नहीं करता।

### रासेयो छात्रों ने ग्रामीणों को पढ़ाया स्वच्छता का पाठ

**धमतरी।** बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर श्रीदेवी चौबे के निर्देशन एवं प्रो. निरंजन कुमार कार्यक्रम अधिकारी व प्रो. आकांक्षा मरकाम कार्यक्रम अधिकारी के मार्गदर्शन में ग्राम लिमतरा में सात दिवसीय विशेष शिविर का आसोजन किया गया है। पंचम दिवस स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसके अंतर्गत सांस्कृतिक कलामंच, रामकोठी पारा, प्राथमिक स्कूल, यादव पारा, कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित सांहड़ा चौक, रामसागरपारा, इमलीपारा की नालियों की सफाई की गई। इस कार्य से ग्रामवासियों को स्वच्छता के प्रति प्रेरणा मिली और ग्रामीणों ने भी स्वच्छता कार्य में सहयोग किया। बौद्धिक परिचर्चा के मुख्य अतिथि उप जिलाधीश तेजपाल ध्रुव, बाल विकास अधिकारी सोमेन्द्र साहू एवं परियोजना अधिकारी सुमित ध्रुव थे।

---

शासकीय जगह वर्षों से अतिक्रमण की भेंट चढ़ रही, विकास कार्यों के लिए जगह की कमी

# मुख्य सड़क मार्ग से लगे बाजार स्थल पर अतिक्रमण, जनप्रतिनिधि मौन

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

ग्राम करेलीबड़ी के अटल बाजार स्थल के मुख्य सड़क मार्ग पर अतिक्रमण का ग्राफ बढ़ रहा है । इसके बाद भी यहां के जनप्रतिनिधि का मौन रवैया समझ से परे हैं। बाजार की जगह पर लोगों ने अतिक्रमण करने शुरू कर दिया है। जैसे-जैसे सड़क मार्ग का चौड़ीकरण हो रहा है, वैसे ही मुख्य सड़क मार्ग के किनारे बाजार स्थल पर कुछ लोग जगह हथियाने अपना काम शुरु कर दिया है। ऐसे में बाजार स्थल में मेला मड़ई कराने जगह की कमी हो जाएगी। ग्रामीणों ने बताया कि यह मुख्य सड़क मार्ग और तालाब से लगा हुआ है, जहां पाइप लाइन बिछी है वहां से तालाब के कुछ हिस्से को लेकर अतिक्रमण किया जा रहा है। इसे बाजार स्थल जाने का रास्ता भी प्रभावित हो रहा है।

उल्लेखनीय है कि तालाब किनारे पौधारोपण तो हुआ है पर उसके आसपास लोग कब्जा करते जा रहे हैं। इससे जनप्रतिनिधियों की कार्यशैली पर प्रश्नचिन्ह लग गया है, जो शासकीय भूमि को संरक्षित करने में फिसड्डी साबित हो रहे हैं। उपतहसील बन जाने के बाद भी यहां अतिक्रमण बढ़-चढ़कर हो रहा है। जनप्रतिनिधि को कार्यवाही के लिए राजस्व विभाग को आवेदन देना चाहिए। करेली बड़ी पंचायत में अब तक ऐसा कोई जनप्रतिनिधि नहीं है जो अतिक्रमण पर रोक लगा पाए। अब तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई है। यही वजह है कि यह वर्षों से शासकीय जगह अतिक्रमण की भेंट चढ़ गया है। सार्वजनिक रास्ते भी नहीं बच पा रहे हैं। विकास कार्यों के लिए अब जगह नहीं मिलती।

विदित हो कि ग्रामीण जनप्रतिनिधि के कार्य और मौन रवैये से नाखुश है। ग्रामीणों ने अतिक्रमणकारियों पर कार्यवाही कर बाजार स्थल पर बोर्ड लगाने की मांग की है, ताकि मड़ई मेला के लिए जगह बच सकें।



**यात्री प्रतीक्षालय रह जायेगा शो-पीस**

करेली बड़ी सड़क का चौड़ीकरण हो रहा है। इसी बीच किनारे में बाजार स्थल के पहुंच मार्ग में बनाये जा रहे यात्री प्रतीक्षालय के पास अतिक्रमण हो रहा है। ऐसे में यहां पर महिलाओं के लिए बैठ पाना मुश्किल हो जाएगा। यह यात्री प्रतीक्षालय अब शो-पीस रह जायेगा।

> इस संबंध में सरपंच डोमार सिंह साहू ने कहा कि ग्रामीणों का सहयोग मिला तो अतिक्रमण हटाया जायेगा। शासकीय जगह पर अतिक्रमण नहीं होना चाहिए।

---

## देश के कोने-कोने में पहुंच रही केंद्र सरकार की योजनाएं : रंजना



- बोरिदखुर्द व सोरम पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा
- पूर्व विधायक ने लाभान्वित हितग्राहियों को सामग्री बांटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

ग्राम बोरिदखुर्द एवं सोरम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत संकल्प भारत अभियान चलाया गया। इस कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक श्रीमती रंजना डीपेंद्र साहू ने गणमान्य जनों को शपथ दिलाई साथ ही केंद्र सरकार की योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों को सामग्री का वितरण किया। इस अवसर पर श्रीमती साहू ने कहा कि देश हित के लिए मोदी जी के नेतृत्व में अनेक जन कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य देश के कोने-कोने में लोगों को केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे में बताना और उसका लाभ उठाने के लिए उन्हें प्रेरित करना है।



इस अवसर पर भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष विजय साहू, भोथली मंडल अध्यक्ष हेमंत चंद्राकर, शिवदत्त उपाध्याय, महामंत्री नरेश यादव, सोरम सरपंच नंदनी उमेश साहू, बोरिदखुर्द सरपंच दुष्यंत सिन्हा, पूर्व सरपंच मोहित साहू, जगन्नाथ साहू, कमलेश्वर, मायाराम यादव, गोरख सिन्हा, शिव ध्रुव, सेवक निर्मलकर, सुरेश ध्रुव सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे।

---

## गणेश मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव 20 से

- पहले दिन नगर घड़ी चौक से निकलेगी भव्य शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

गणेश चौक स्थित श्री गणेश मंदिर का चार दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव 20 दिसंबर से शुरू हो रहा है। यह महोत्सव 23 दिसंबर तक चलेगा। अंतिम दिन रात्रि में कृष्णाय अर्पण भजन ग्रुप का भक्ति संगीत होगा।

उल्लेखनीय है कि गणेश चौक में श्रद्धालुओं के सहयोग से श्री गणेश मंदिर का भव्य जीर्णोद्धार किया गया है। मंदिर आज बनकर तैयार है। 20 से 23 दिसंबर तक चार दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन किया गया है। मंदिर समिति के कार्यकर्ता देवा बावने,



रवि कसार, राजा नामदेव ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के पहले दिन 20 दिसंबर को दोपहर 2 बजे नगर घड़ी चौक से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी।

दूसरे दिन 21 दिसंबर रविवार को सुबह 9 बजे से देवस्थापना पूजन, जलाधिवास, अन्नाधिवास, शैयाधिवास होगा। 22 दिसंबर को अभिजीत मुहूर्त में आचार्य पंडित महेश तिवारी के विशेष मंत्रोच्चार के बीच देव शिखर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव होगा। हवन यज्ञ के बाद पूर्णाहुति होगी। चौथे दिन 23 दिसंबर को दोपहर 12 बजे से महाप्रसादी भंडारा का आयोजन होगा। शाम 7 बजे मंदिर के समक्ष कृष्णाय अर्पण भजन ग्रुप धमतरी की भजन संध्या होगी। महोत्सव की तैयारी में साकेत यादव, सुमित कसार, सुनील रिगरी, विकास सोनकर, अनिकेत कसार, अमन कसार आदि जुटे हुए हैं।

## विकसित भारत : 2047 पर हुई प्रश्न मंच प्रतियोगिता

**धमतरी।** शासकीय नारायणराव मेघावाले कन्या माहाविद्यालय धमतरी में विकसित भारत : 2047 विषय पर डॉ. डी.आर. चौधरी प्राचार्य के नेतृत्व में एवं कार्यक्रम समन्वयक डॉ. रोहिणी मरकाम के मार्गदर्शन में प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें कुल 32 छात्राओं ने भाग लिया। प्रश्न मंच के लिए छात्राओं का 7 ग्रुप बनाया गया जिसमें सामान्य ज्ञान से संबंधित प्रश्न पूछा गया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर समूह ई अन्नू बीएससी भाग 2, किरण बीएससी भाग 2, स्मिता बीए भाग 2, हेमलता निषाद बीए भाग 2 रही। समूह डी निकिता साहू, अंजू साहू, सुषमा, निकिता एमए प्रथम सेमेस्टर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। तृतीय स्थान समूह बी अन्नू मरकाम, प्रीति मंडावी, मनीषा यादव, जागृति ध्रुव बीएससी भाग 1 ने प्राप्त किया।

## अब रश्मि की आंखों में नहीं होती जलन और बन जाता है जल्द भोजन

- महिलाओं के लिये वरदान साबित हो रही प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना महिलाओं के सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इस योजना में गरीब महिलाओं को निःशुल्क रसोई गैस कनेक्शन दिये जा रहे हैं। घरेलू रसोई गैस मिल जाने से महिलाओं को भोजन बनाने में सहूलियत होने लगी है। पहले चूल्हे पर भोजन बनाने में लकड़ी व कंडों को जलाना पड़ता था। चूल्हे से बहुत धुआं निकलता था, इससे महिलाओं की आंखों में जलन होती थी और भोजन बनाने में दिक्कत



होती थी। धमतरी जिले के कुरुद विकासखंड के ग्राम कोर्रा में उज्ज्वला योजना के तहत महिलाओं को निःशुल्क गैस कनेक्शन प्रदान किये गए हैं। कोर्रा निवासी श्रीमती रश्मि गंजीर नें बताया कि सरकार की यह योजना बहुत अच्छी है। कम से कम महिलाओं को धुआं से छुटकारा तो मिल गया। पहले धुआं आंखों में चला जाता था और आंखों में जलन होती थी। अब गैस मिल जाने से आंखों में बहुत आराम है और भोजन भी अच्छे से और समय पर बन जाता है, जिसका उपयोग वह दूसरे कामों मे करती है।

रश्मि कहती हैं कि निःशुल्क गैस कनेक्शन मिल जाने से अब भोजन बनाने में बहुत आसान हो गई है। ग्राम पंचायत की ही भागवती बाई कहती हैं कि पहले चूल्हा जलाने के लिए लकड़ी इकट्ठी करने की चिंता करनी पड़ती थी। अब गैस कनेक्शन मिल जाने से लाइटर से तुरंत गैस चूल्हा जल जाता है और भोजन भी जल्द बन जाता है। खाना बनाने में कम समय लगता है और आराम भी मिल जाता है। उन्होंने इसके लिए देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## कचना में घासीदास जयंती मनाई गई



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

ग्राम कचना में गुरु घासीदास जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई। मौके पर सतनामी समाज के अध्यक्ष डोमार सिंह मारकंडेय, उपाध्यक्ष श्रीराम मारकंडेय, सचिव भागवत बंजारे, सहसचिव संतोराम टंडन, कोषाध्यक्ष गंगाप्रसाद मारकंडेय, विरेन्द्र सोनवानी, कामता सोनवानी, नोहरलाल, टोकेश टंडन, कमलेश खंडेलवाल, सोनू टंडन, महिला अध्यक्ष अमृता टंडन, सचिव उमेश्वरी टंडन, हेमिन, हेमेश्वरी सोनवानी मौजूद थे।

## गौशाला मैदान में होगी शिव महापुराण कथा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

राष्ट्रीय गौशाला मैदान धमतरी में 23 दिसम्बर से सप्तदिवसीय संगीतमय शिव महापुराण ज्ञान यज्ञ एवं द्वादश ज्योर्तिलिंग महाभिषेक महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन में कथा व्यास आचार्य प्रवर पंडित रामप्रताप शास्त्री बेमेतरा हैं।

कथा के पहले दिन किले के हनुमान मंदिर इतवारी बाजार से कथा स्थल तक मंगल कलश यात्रा निकाली जाएगी। कथा महात्म्य के साथ श्री शिव महापुराण का शुभारंभ होगा।

23 दिसंबर को ही कलश यात्रा पश्चात गुरुदेव पंडित रामप्रताप शास्त्री व पं. होमन प्रसाद शास्त्री द्वारा दीप प्रज्ज्वलन किया जाएगा। 24 को आदि शिवलिंग उत्पत्ति, शिवलिंग पूजन विधि की कथा होगी।

25 को नारद मोह, धनपति कुबेर चरित्र, 26 को संध्यादेवी की कथा, सृष्टि निर्माण की कथा, 27 को सती चरित्र, शिव-सती विवाह महोत्सव, 28 को पार्वती प्राकट्य उत्सव, शिव-पार्वती विवाह महोत्सव, 29 को त्रिपुरासुर वध, तुलसी चरित्र, वाणासुर वध, कार्तिकेय-गणेश जन्मोत्सव, 30 को शिव के विविध अवतार, द्वादश ज्योर्तिलिंग महिमा, होम यज्ञ पूर्णाहुति व महाप्रसादी होगा। 12 ज्योतिलिंगों एवं स्फटिकमणि शिवलिंग का महाभिषेक पूजन प्रातः 8.30 से दोपहर 12 बजे तक प्रतिदिन होगाा। कथा श्रवण दोपहर 2.30 बजे से प्रतिदिन होगा।

आयोजन की तैयारी में उषा-प्रकाश नारायण श्रीवास्तव, जयंती-खेमराज अटभैया, सीता-लेखराम साहू, गौरी-अमित गुप्ता, हेमा-चंदु नायर, सरोज-रामकिशन यादव, मधुरमा-योगेन्द्र साहू, संध्या-नागेश्वर सिंह मौर्य, गुंजा-सुनील साहू, शैल-भूषण प्रकाश सिन्हा, अर्चना-नरेन्द्र साहू, वंदना-महेश साहू, लक्ष्मी सुभाष देवांगन आदि जुटे हुए हैं।

## शोभायात्रा का पुष्प वर्षा से किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

नगर में गुरु घासीदास की भव्य शोभायात्रा डीजे बैंड बाजे की धुन पर मुख्य मार्गों में निकाली गई। शोभायात्रा का हिंदू संगठन द्वारा पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया गया। इस अवसर पर विभिन्न समाज के लोग उपस्थित थे।

## कुहकुहा में श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह 23 से



**कुरुद।** ग्राम कुहकुहा के तालाब पार स्थित बजरंगबली मंदिर परिसर के पास 23 से 31 दिसम्बर तक श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन स्व. गुहलेदराम साहू एवं राधिकाबाई साहू की स्मृति में तीरथराम साहू द्वारा किया जा रहा है। कथावाचक प.विष्णुप्रसाद दुबे जोरातराई वाले द्वारा कथा का रसपान कराया जाएगा। कथा दोपहर 1 से 5 बजे तक है। प्रथम दिवस 23 दिसम्बर को जल कलश यात्रा, गौकर्ण पूजा, भागवत स्थापना, वेदी पूजा, 24 दिसम्बर को कथा प्रारंभ, परीक्षित जन्म, वराह अवतार, 25 दिसम्बर को कपिल अवतार, ध्रुव चरित्र, 26 दिसम्बर को वामन अवतार, नरसिंग अवतार 27 दिसम्बर को श्रीराम जन्मोत्सव, श्री कृष्ण जन्मोत्सव, 28 दिसम्बर को कृष्ण लीला, माखन चोरी, गिरिराज पूजा, 29 दिसम्बर को रासलीला, रूक्मणि विवाह, 30 दिसम्बर को सुदामा चरित्र, तुलसी वर्षा, शोभायात्रा एवं अंतिम दिवस 31 दिसम्बर को गीता पाठ एवं पूर्णाहुति होगी। कार्यकम की तैयारी में श्रीमती देवकीबाई, खूबलाल साहू, उमेश साहू, राजूराम साहू, हेमलाल साहू, कृष्णा साहू, टीकाराम साहू, ढलेन्द्र साहू, आशीष साहू सहित साहू परिवार तैयारी में जुटा है।

## घासीदास जयंती पर हुई पंथी नृत्य की प्रस्तुति



**धमतरी।** ग्राम सारंगपुरी में संत शिरोमणि गुरु घासीदास जयंती समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर जयस्तंभ में ध्वजारोहण पश्चात आरती की गई। उसके बाद सत्य के अंजोर पंथी दल सारंगपुरी का पंथी नृत्य हुआ। मजरकटा जिला गरियाबंद के बालक- बालिकाओं द्वारा पंथी गायन किया गया। इस कार्यक्रम का सतनामी समाज एवं ग्रामीणों ने आनंद लिया। मौके पर समाज प्रमुख धन्नू जांगड़े, नरेश बघेल, शानू गायकवाड़, सिकंदर, हेमूराम, अमृत दास, रामकुमार यादव, जोहतराम नेताम, कैलाश साहू, सरपंच पदमा सोनकर, छन्नू निषाद, आसाराम यादव, उमा सोनवानी समेत अन्य मौजूद थे।




### शिविर स्थल में स्टॉल लगाकर हितग्राहियों को किया जा रहा लाभान्वित

# चारों ब्लाक के 8 ग्रामों में लगाये गये संकल्प शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

केन्द्र की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनायें अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और वे इसका भरपूर लाभ ले सकें, इस उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन 16 दिसम्बर से किया जा रहा है, जो 26 जनवरी तक चलेगा।

कलेक्टर ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश पर जिले में आयोजित संकल्प शिविर स्थल में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है और केन्द्र की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लोगों को शिविरों के माध्यम से दिया जा रहा है। साथ ही विकसित भारत संकल्प की शपथ भी दिलाई जा रही है। शिविरों के दौरान आम जनता को केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजनायें आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट योजना, जल-जीवन मिशन, प्रधानमंत्री जन-धन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना की जानकारी देकर लोगों को लाभान्वित किया जा रहा है।

गौरतलब है कि सोमवार को धमतरी जिले के चारों विकासखण्डों के आठ गांवों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। इनमें धमतरी विकासखण्ड के भटगांव, गंगरेल, कुरूद के चरोटा, हंचलपुर, मगरलोड के गिरौद, मेघा और नगरी के करैहा तथा गट्टासिल्ली में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन कर लोगों को शपथ भी दिलाई गई।





